दिन—सोमवार दिनांक— 27 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन आज छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। छठ को लेकर पूरे प्रदेश में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। श्रद्धालु भगवान भास्कर और छठी मईया की आराधना में लीन है। पूरा वातावारण छठ गीतों से गुंजायमान है। प्रदेश में गंगा, गंडक, कोसी, महानंदा और बागमती सहित विभिन्न नदियों के किनारे छठ घाटों का निर्माण किया गया है और इन्हें आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा। इधर प्रदेश के विभिन्न प्रसिद्ध सूर्य मंदिरो, औरंगाबाद के देव, पटना के ओलार्क, नालंदा के ओंगारीधाम और नवादा जिले के हरिया सूर्य मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न छठ घाटों पर मतदाता जागरूकता के संदेश दिए जा रहे हैं और लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेने की अपील की जा रही है।

———————————————————————————

छठ पर्व को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राज्य के सभी प्रमुख सूर्य मंदिरों और गंगा—गंडक सहित अन्य नदी घाटों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। पटना सहित राज्य के सभी छठ घाटों पर पुलिस बलों के साथ—साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती की गयी है। इसके अलावा छठ घाटों पर प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय, शुद्ध पेयजल और पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इधर, एहतियात के तौर पर गंगा समेत विभिन्न नदियों में छठ घाटों पर आज से लेकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने तक निजी नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को छठ पर्व की शुभकानाएं दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये पर्व सूर्य देव और छठी मईया की पूजा तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी

एकता का प्रतिबिंब है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि छठ पूजा सादगी और पवित्रता का त्योहार है, जो हमें प्रकृति के साथ गहराई से जोड़ता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे इस पावन पर्व को सांप्रदायिक और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएं।

—————————————————————————

छठ महापर्व के अवसर पर सांध्यकालीन अर्घ्य और प्रातकालीन अर्घ्य का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी, पटना से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य का आंखों देखा हाल आज पटना में गंगा नदी के दीघा घाट से शाम चार बजे से शाम साढे पांच बजे तक प्रसारित किया जायेगा। वहीं, प्रातःकालीन अर्घ्य का आंखों देखा हाल कल भागलपुर के गंगा तट से सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े छह बजे तक आकाशवाणी के भागलपुर केंद्र द्वारा प्रसारित किया जायेगा।

—————————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिये प्रचार तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो नवम्बर को पटना में रोड शो करेंगे। इससे पहले श्री मोदी तीस अक्टूबर को छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनतीस अक्टूबर से दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे लोक गायिका मैथिली ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जन सभाएं करेंगे।

—————————————————————————

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी उनतीस अक्टूबर को मुजफ्फरपुर के सकरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रियंका गांधी अट्ठाईस अक्टूबर को पटना में विभिन्न चुनावी सभाओं में भाग लेंगी। वहीं, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल सारण जिले के मांझी, मढौरा, अमनौर, गरखा समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।